प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। दो दिन पहले लोकसभा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

.....................

राज्य विधानसभा में आज नये जिलों और संभागों को निरस्त किये जाने के मुद्दें पर चर्चा हो रही है। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल सत्ता पक्ष की ओर से जवाब दे रहे है। सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भाजपा विधायक दल की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों को सदन में अधिक समय बिताने और सदन में उपस्थित रहने को कहा। उन्होंने केवल अतिआवश्यक स्थिति में ही अनुपस्थित रहने और इसकी सूचना संसदीय कार्य मंत्री या मुख्य सचेतक देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष को ठोस जवाब देने के लिए सरकार का मजबूत पक्ष सदन के बाहर भी रखा जाना चाहिए।

.....................

जयपुर में आज से त्वचा रोग विशेषज्ञों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इस सम्मेलन में देश विदेश के साढे पांच हजार से ज्यादा विशेषज्ञ और प्रतिभागी शामिल होंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे इसका उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य त्वचा रोग विज्ञान के क्षेत्र में की गई नई खोजों और विचारों को बढावा देना है। इस दौरान 80 से ज्यादा सत्र आयोजित होंगे।

.....................

और अब समाचार महाकुंभ से –

प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजाति सांस्कृतिक समागम–2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए देशभर से 15 हजार से अधिक आदिवासी पंहुचे है। छह दिन के इस उत्सव के दौरान सभी प्रतिभागी जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण का संकल्प लेगें। गौरतलब है कि बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है। उदयपुर के हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड्स के 50 रोवर स्काउट्स महाकुंभ प्रयागराज में अपनी सेवाऐं दे रहे है। वे प्राथमिक चिकित्सा, यातायात नियंत्रण, घाटों पर भीड़ नियंत्रण, गुमशुदा की तलाश, श्रद्धालुओं को रास्ता दिखाना, भोजन व्यवस्था और रेस्क्यू बोट के माध्यम से लगातार श्रद्धालुओं की मदद कर रहे है।

.....................

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा आज आयोजित की जा रही है। पहली पारी में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा हुई। दूसरी पारी में दोपहर तीन से शाम 6 बजे तक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

.....................

शाही ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स आज जयपुर के गांधीनगर रेलवे स्टेशन पहुंची। स्टेशन पर पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में पर्यटकों का स्वागत किया गया। इस मौके पर लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। ट्रेन में सऊदी अरब, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड और कनाडा देशों के पर्यटकों सहित कुल 60 देशी–विदेशी पर्यटक इस शाही यात्रा का हिस्सा बने है। भारतीय रेलवे और राजस्थान पर्यटन विकास निगम की ओर से चलाई गई यह ट्रेन प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा कराती है।

.....................

प्रदेश में बीते 24 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 14 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। कल सबसे कम 2 दशमलव 8

डिग्री सैल्सियस तापमान सीकर के फतेहपुर में रहा। माउंटआबू में 3 दशमलव 4, सीकर में 3 दशमलव 5, लूणकरणसर और नागौर में 3 दशमलव 8, करौली में 4 दशमलव 4, दौसा में 5, पिलानी में 6, चूरू में 6 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की ओर गिरावट होने की संभावना है। झुंझुनूं, सीकर, चूरू, और नागौर में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस की गिरावट हो सकती हैं।

....................

उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान ने अब तक 26 पदक हांसिल कर लिये है। इनमें 7 स्वर्ण, 4 रजत और 15 कांस्य पदक शामिल है।

....................

भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का पहला मैच आज नागपुर में खेला जाएगा। यह मैच दोपहर डेढ बजे से शुरू होगा।

....................